आकाशवाणी श्री विजयपुरम

<><><><><><><><><><>

दिनांक : 25.11.2026 समय : 0705

1. केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री आज नई दिल्ली में नए ई–अनुदान पोर्टल "समावेशन" का शुभारंभ करेंगे।
2. पर्यटन निदेशालय की ओर से स्वराज द्वीप में 'आसियान–भारत सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा।
3. एंडरसन द्वीप की प्रारूप एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने के संबंध में कल जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।
4. राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल में ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम के समय में बदलाव किया जा रहा है।

<><><><><><><><><><>

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार और राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा आज नई दिल्ली में नए ई–अनुदान पोर्टल "समावेशन" का शुभारंभ करेंगे। समावेश एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने विकसित किया है। इसके माध्यम से विभाग की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और संगठनात्मक पोर्टलों को एक ही मंच पर उपलब्ध कराया जाएगा।

<><><><><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से 3 और 4 दिसंबर को स्वराज द्वीप में 'समुद्री साहसिक पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों पर आसियान–भारत सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए आवेदन जमा करने की आज अंतिम तिथि है। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आसियान सदस्य देशों और भारत के प्रतिनिधियों, राजनयिकों और उद्योग जगत के नेता भाग लेंगे। विषयगत सत्रों के साथ–साथ, सम्मेलन में बी 2 बी बैठकें, पर्यटन व्यापार एक्सपो और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए भागीदारी शुल्क 10 हजार रूपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा प्रदर्शनी स्टॉल और ट्रैवल डेस्क शुल्क 10 हजार रूपये प्रति स्टॉल रखा गया है। इच्छुक प्रतिभागी 'Chief Financial Officer, ANIIDCO Ltd' के पक्ष में जारी डिमांड ड्राफ्ट के साथ आवेदन फार्म निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा कर सकते हैं। आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

<><><><><><><><><><>

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विशाल जॉली ने हाल ही में उपराज्यपाल डॉ.. दिनेश शर्मा मुलाकात कर उन्हें कई महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों से अवगत कराया। बैठक के दौरान उन्होंने नशा मुक्त अभियान, विवेकानन्द केन्द्र जिला परिषद विद्यालय, शोर प्वाइंट में अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण, खेल बुनियादी ढांचे का जीर्णोद्धार, होप टाउन तथा पानीघाट जेटी के पुनर्निर्माण और प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पर चर्चा की।

<><><><><><><><><><>

गोवा में सतावनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमारो–सीएमओटी के छठे संस्करण का समापन हो गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की इस प्रमुख पहल के अंतर्गत इस वर्ष 100 उभरते फिल्म निर्माताओं को एक साथ लाकर 48 घंटे की फिल्म निर्माण चुनौती आयोजित की गई। यह चुनौती जड़ें और पंख– अपनी जड़ों का सम्मान, अपने भविष्य को अपनाना– विषय पर आधारित थी। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अपर सचिव प्रभात ने कहा कि यह पहल युवा प्रतिभाओं और फिल्म उद्योग के बीच सेतु का काम करती है। फेस्टिवल डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर ने कहा कि फिल्मनिर्माण मिल–जुलकर संपन्न की जाने वाली प्रक्रिया है और अकेले एक व्यक्ति कोई भी फिल्म नहीं बना सकता।

<><><><><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम की ओर से विशेष लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'पेट टॉक बियॉन्ड द बॉन्ड' का प्रसारण किया जाएगा। 'बकरी पालन के बहुआयामी लाभ' विषय पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सी. रामकृष्णन स्टूडियो में विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के सवालों का जवाब देंगे। कार्यक्रम आज शाम 6 बजे से प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर 244–745 या 245–662 पर कॉल कर अपने सवाल पूछ सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

अंडमान निकोबर प्रशासन ने द्वीपसमूह के सभी नागरिकों, सरकारी कर्मचारियों और सरकारी सेवाओं के लाभार्थियों से राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन 2025 के नागरिक सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील की है। यह सर्वेक्षण भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की ओर से कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य ऑनलाइन माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ लेने वाले नागरिकों के अनुभव और सुझाव प्राप्त कर सेवाओं की गुणवत्ता, सुलभता एवं प्रभावशीलता का आकलन करना है। नागरिक nesda.gov.in के माध्यम से भी सर्वेक्षण में भाग ले सकते हैं। सर्वेक्षण में भाग लेने की आज अंतिम तिथि है।

<>

एंडरसन द्वीप की प्रारूप एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने के संबंध में कल जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। योजना के प्रारूप के साथ तटीय भूमि उपयोग मानचित्र और भू–आकृति विज्ञान मानचित्र अंडमान निकोबार प्रशासन तथा पर्यावरण एवं वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, इन दस्तावेजों की प्रतियां संबंधित विभागों और कार्यालयों में भी रखी गई हैं। कार्यक्रम कल सुबह 11 बजे मायाबंदर तहसील स्थित चेनपुर सामुदायिक भवन में आयोजित होगी।

<>

राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल में आयोजित होने वाले ध्वनि और प्रकाश शो के समय में 29 नवंबर से बदलाव किया जा रहा है। नए समय के अनुसार पहला शो शाम साढ़े पांच से छ बजकर पंद्रह मिनट तक, दूसरा शो शाम साढ़े छ बजे से सात बजकर पंद्रह मिनट तक, तीसरा शो रात साढ़े सात बजे से आठ बजकर पंद्रह मिनट तक और चौथा शो रात साढ़े आठ बजे से नौ बजकर पंद्रह मिनट तक चलेगा।

<>

अंडमान निकोबार अभिलेखागार में अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति की जा रही है। इसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आज है। इतिहास विषय में स्नातक की डिग्री पूरी कर चुके इच्छुक पात्र उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिलेखीय प्रबंधन, ऐतिहासिक अभिलेखों के परिरक्षण एवं संरक्षण, सूचीबद्ध करने, डिजिटलीकरण और अभिलेख प्रबंधन में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। यह नियुक्ति दिसंबर से फरवरी 2027 तक तीन महीने की अवधि के लिए की जाएगी। चयनित दस प्रशिक्षुओं को 10 हज़ार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे।

<>

फिट इंडिया अभियान के तहत 29 नवंबर को 'संडेज ऑन साइकिल' के सौवें संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन खेल एवं युवा मामले विभाग, माई भारत और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से किया जा रहा है। रैली सुबह 7 बजे नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर कार्बाइंस कोव बीच होते हुए वापस नेताजी स्टेडियम में सम्पन्न होगी। प्रतिभागियों से सुबह साढ़े छ बजे तक नेताजी स्टेडियम पहुंचने और fitindia.gov.in पर पंजीकरण करने की अपील की गई है।

<>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थाएं एवं शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, की ओर से कल प्रदर्शनी मैदान में बेबी शो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे से 5 बजे तक चलेगा। पंजीकरण दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में चार आयु–वर्ग श्रेणियां शामिल की गई हैं। इसके अलावा, 4 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और रैंप वॉक भी आयोजित होगा।

<>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से जनजातीय समुदाय के कल्याण और सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण के लिए हाल ही में कार निकोबार में चूजों और अंडों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य जनजातीय लाभार्थियों के बीच घरेलू मुर्गीपालन को बढ़ावा देना, आजीविका के अवसरों को बढ़ाना, पोषण सुरक्षा में सुधार करना और मुर्गीपालन–आधारित गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है।

<>